# 'मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना' व 'मुख्यमंत्री नि:शुल्क यूनिफार्म वितरण योजना' का शुभारंभ

**बून्दी** (निसं)। "मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना" एवं "मुख्यमंत्री नि:शुल्क यूनिफार्म वितरण योजना' का मंगलवार को जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा शुभारंभ के साथ ही दोनों योजनाओं का जिलेभर में आयोजित समारोहों में शुभारंभ हो गया।

राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह का जिलेभर में डिजिटल माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। जिला स्तरीय शुभारंभ समारोह बूंदी के महारानी बालिका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ। इसमें जिला प्रमुख चन्द्रावती कंवर, पूर्व वित्त राज्यमंत्री हरिमोहन शर्मा, नगर परिषद सभापति मधु नुवाल, जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने स्टूडेंटस को दूध पिलाकर बाल गोपाल योजना तथा यूनिफार्म वितरण योजना का शुभारंभ किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से बच्चों को स्वास्थ्य की दृष्टि से संतुलित आहार मिलेगा और बच्चे बीमार नहीं होंगे। इस योजना से सभी बच्चों को पोषण मिलेगा। बच्चों के लिए नि:शुल्क व्यवस्था कर राज्य सरकार ने बेहतरीन कार्य किया हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे है। जिले के गांव-गांव में सीनियर सैकेण्डरी स्कूल खोलकर शिक्षा के क्षेत्र में आयाम स्थापित किए है।



महारानी स्कूल में आयोजित मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना शुभारंभ किया गया जिसमें बच्चों को स्कूल युनिफॉर्म वितरित की गई।

अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलकर निर्धन बच्चों को भी अंग्रेजी शिक्षा की सुविधा मुहैया करवाई गई। शिक्षा के क्षेत्र में युवा पीढ़ी को आगे बढने के अवसर राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कर इसका लाभ दिलाने में अपनी भूमिका निभाएं। जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वाम ने कहा कि बाल गोपाल योजना शुरू की गई है वह राज्य सरकार की मंशा को परिलक्षित करती है। जरूरतमंद को सरकारी की ओर से मदद की जा रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पोषण देने के लिए योजना शुरू की गई है। सरकारी की योजना बेहतरीन है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिध योजनाओं में सुधार के लिए अपना फीड बैक देते रहे। उन्होंने कहा कि पोषाक वितरण के पीछे मंशा है कि सब जगह समानता रहे। हम सब आगे आकर भामाशाह भी योजना में मददगार बने। सुलेख और मिशन मानस शिक्षा विभाग के बहुत अच्छे अभियान है।

समारोह में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी तेज कंवर ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के तहत कुल एक लाख 31 हजार 473 बालक-बालिकाएं लाभान्वित होंगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में राजकीय विद्यालयों, मदरसों एवं संस्कृत विद्यालयों में कक्षा एक से 8वीं तक अध्ययनरत छात्रा-छात्राओं को सप्ताह के दो दिन मंगलवार व शनिवार को मिल्क पाउडर से तैयार दूध वितरित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कक्षा एक से 5वीं तक के लिए 15 ग्राम पाउण्डर से बना 150 एलएल दूध तथा कक्षा 6 से 8 वीं तक के लिए 20 ग्राम पाउडर से बना 200 एमएल दूध वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री निशुल्क यूनिफार्म वितरण योजना के तहत बच्चों को 2 निशुल्क गणवेश का कपडा उपलब्ध कराए जाने के साथ ही सिलाई हेतु 200 रूपए की राशि उपलब्ध करवाई जा रही है। कार्यक्रम में उपसभापति लटूर भाई, बूंदी प्रधान प्रेम बाई, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी तेज कंवर, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक राजेन्द्र व्यास, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार जोशी, पोषाहार प्रभारी उदालाल मेघवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी.सामर, शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक धनराज मीना, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रींसिपल कनक शर्मा, एसडीएमसी सदस्य महेश पाटौदी, बाल कल्याण समिति सदस्य छुट्टन लाल शर्मा सहित स्कूल बच्चे मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भूपेन्द्र शर्मा ने किया।

## जिले में पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन

- 'सेवा वितरण सप्ताह' में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में पुरुष नसबंदी सेवाएं मिलेंगी

**बूंदी** (निसं)। प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार व परिवार नियोजन में पुरूषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा पुरूष नसबंदी पखवाडा के द्वितीय चरण में 28 नवंबर से चार दिसंबर तक सेवा वितरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. ओ पी सामर ने बताया कि '''अब पुरूष निभाऐंगे जिम्मेदारी, परिवार नियोजन अपनाकर दिखाऐंगे अपनी भागीदारी'' स्लोगन पर आधारित नसबंदी पखवाड़ा दो चरणों में मनाया जा रहा है। पहले चरण में गत 21 से 27 नवंबर तक मोबिलाइजेशन सप्ताह के रूप में आयोजित किया गया। अब दूसरा चरण 28 नवंबर से 4 दिसंबर, 2022 को सेवा वितरण सप्ताह के रूप में आयोजित किया जा रहा है। अति .मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मोबिलाइजेशन सप्ताह के पश्चात सेवा वितरण सप्ताह के अंतर्गत 28 नवंबर से 04 दिसंबर तक, 29 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाखेरी, देई में 30 नवम्बर को सीएचसी डाबी ,नैनवा और 2 दिसम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कापरेन और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोठड़ा तथा 03 दिसंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नमाना, इंदरगढ में पुरुष नसबंदी सेवाएं मिल सकेंगी।

## नौनिहालों को गणवेश बांट कर दूध पिलाया

**रामगंजमंडी**(निसं)।शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के अन्तर्गत दो योजनाओं मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना एवं मुख्यमंत्री विद्यालय गणवेश वितरण योजना का मंगलवार को शुभारंभ एक भव्य समारोह आयोजित कर किया गया।

विद्यालय में नि:शुल्क ड्रेस व दूध योजना का शुभारंभ पूर्व पालिकाध्यक्ष हुकम बापना ,पालिकाध्यक्ष देवीलाल सैनी ने किया। विद्यालय में आयोजित समारोह में सरकार की अभिनव योजना की सराहना की व कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को नि:शुल्क ड्रेस का कपड़ा वितरित किया व कक्षा 1 से 5 वीं तक के बच्चों को 150 मिलीलीटर व 6 से 8 वीं तक के बच्चों को 200 मिलीलीटर दूध मंगलवार ,शुक्रवार को वितरित किया जाएगा। जिसके सिलाई की राशि दो सौ रुपये स्कूल के बैंक खातों में आएगी वहीं दुध की शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनोद मीणा, विद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्ष राजू राठौर उपस्थित थे। उधर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सातलखेड़ी में भी राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के अन्तर्गत दोनों योजनाओं मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना एवं मुख्यमंत्री विद्यालय गणवेश वितरण योजना का पीईईओ सातलखेड़ी के तत्वावधान में एक भव्य समारोह आयोजित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुषमा गोठवाल सरपंच सातलखेडी व अध्यक्ष कार्यवाहक प्रधानाचार्य जया पंवार रही।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सातलखेडी खान कार्यवाहक प्रधानाचार्य भानू सोनी, मुकेश गोठवाल समाजसेवी, स्थानीय एसडीएमसी के पदाधिकारी शमशुद्दीन अगवान, मनोज कुमार, गायत्री बाई, नन्द किशोर वार्ड मेम्बर, लालचंद वार्ड मेम्बर , सांवन कुमार आदि रहे।पीआईओ सातलखेडी जया पंवार ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन सीनियर सेकेंडरी स्कूल सातलखेड़ी खान में रखा गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के सामने अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथियों द्वारा पीईईओ क्षेत्र के दोनों विद्यालयों के कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री यूनिफार्म योजना के तहत दो जोड़ी गणवेश के बिना सिले कपड़ों का पैकेट भेंट कर व मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना अन्तर्गत दूध पिला कर योजना का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सरपंच सुषमा गोठवाल ने बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा सभी सरकारी विद्यालयों में आज से शुरू की गई दोनों योजनाएं जन कल्याणकारी योजनाओं में मील का पत्थर साबित होगी। अध्यक्षीय उद्बोधन में पंवार ने बताया कि सरकार की दोनों योजनाओं से विद्यालय में नामांकन में वृद्धि, नियमित उपस्थिति में वृद्धि, ड्राप-आउट विद्यार्थियों में कमी एवं विद्यार्थियों के पोषण स्तर वृद्धि में सहायक साबित होगी।

कार्यक्रम का संचालन सुशील कुमार भाट व्याख्याता आंग्ल भाषा द्वारा किया गया ।इस अवसर पर एसडीएमसी सचिव राधेश्याम अहीर व्याख्याता , सुमन कुमारी व्याख्याता, उम्मेद कुमार व.अ., राजेन्द्र कुमार शर्मा अ., राजेन्द्र कुमार अ. महावीर व.अ. ,ज्योति कुमारी अ.सहित अन्य अध्यापक अध्यापिकाऐं व कई छात्र-छात्राओं के अभिभावक व जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गागरोन दरगाह समेत जिले में करोड़ो रूपये के विकास कार्य होंगे

- वक्फ बोर्ड चेयरमैन खानुखान बुधवाली के प्रयास रंग लाये

**झालावाड** (निसं)। राजस्थान वक्फ बोर्ड के चेयरमेन खानुखान बुधवाली बनने के बाद से ही पूरे राजस्थान में विकास कार्य को अमली जामा पहनाने की तैयारी का खाका तैयार किया गया और अपनी बात से राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को समाज की भावनाओं से अवगत करवाया गया।

आज इसी का नतीजा है कि राजस्थान सरकार ने अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा करोडों रूपये के विकास कार्य कराने की तैयारी की है। दरगाह गागरोन शरीफ के वक्फ सदर अरबाज खान ने बताया कि झालावाड़ जिले में दरगाह हजरत ख्वाजा हमीदुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह गागरोन शरीफ की दरगाह पर भी करीब 1 करोड़ 88 लाख रूपये के विकास कार्य की नींव रखी जानी है। जिसमें प्रवेशद्वार, बाहर चबूतरे को चौड़ा किया जायेगा इस पर इन्टर लॉकिंग कार्य, जायरीनों के ठहरने की व्यवस्था के लिए मुस्लिम मुसाफिर खाने और वहां तक पहुंचने तक सीसी रोड़ तथा दरगाह परिसर में फोकस लाईटे, मॉड्यूलर शौचालय, पार्किंग स्थल, दरगाह परिसर में लगे टीन शेड का हिस्सा भी बढ़ाया जायेगा। दरगाह परिसर के बाहर पूरे क्षेत्र में गार्डन विकसित किया जायेगा। उक्त कार्यो के लिए टेण्डर निकाल दिये गये है। इसी के साथ ही पूरे जिले में वक्फ भूमि सार्वजनिक भूमि पर बने कब्रिस्तान, मदरसे, की चार दीवारी का निर्माण, अल्पसंख्यक बस्तियों में रोड निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, पानी की बड़ी टंकी बनाने के प्रस्ताव भी शामिल है।

अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों में जनसहभागिता के आधार पर आधारभूत संरचना विकास के कार्य करवाने के लिए अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा 30.11.2022 तक प्रस्ताव मांगे गये है। जिससे की आने वाले दिनों में झालावाड़ जिले में करोड़ो रूपये के विकास कार्य होंगे।

जिसका पूरा श्रेय राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व राजस्थान वक्फ बोर्ड चेयरमेन खानुखान बुधवाली साहब को जाता है और जिला वक्फ बोर्ड के सरपरस्त सय्यद इमरान अली व जिला वक्फ बोर्ड चेयरमेन रमजान खान ने सभी झालावाड़ के दरगाह, कब्रस्तान, मदरसो व सभी तंजिमों के सदरों से ज्यादा से ज्यादा विकास कार्यो के प्रस्ताव जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के नाम बनाकर 30.11.2022 को पेश करने का आग्रह किया सभी प्रस्ताव जिला वक्फ बोर्ड के बैठक बुलाकर पास करवाये जायेगें जिससे जिले में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य हो सकें। यह जानकारी जिला वक्फ बोर्ड के ज्वाइंट सेक्रेट्री अहफाज अली ने दी।

## टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता क्वार्टर फाइनल में तीन मैच बूंदी ने जीते

**बूंदी** (निसं)। बूंदी शहर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय के मैदान पर आयोजित राज्य स्तरीय थ्रो बॉल (19 वर्ष) छात्र-छात्राओं एवं टेनिस वॉलीबॉल (17 वर्ष) छात्रा वर्ग की प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में बूंदी ने जीत दर्ज की है। मंगलवार सुबह हुई राज्य स्तरीय थ्रोबॉल व टेनिस वॉलीबॉल की प्रतियोगिता में रोमांच देखने को मिला।

66वीं राज्य स्तरीय टेनिस वॉलीबॉल 17/19 छात्र-छात्रा वर्ग प्रतियोगिता में खेले गए मैच में 17 वर्ष छात्र में बूंदी-हनुमानगढ़, अजमेर-बाड़मेर, जालौर विरूद्ध सीकर, गंगानगर विरूद्ध भीलवाड़ा के बीच मैच हुए। जिसमें हनुमानगढ़ और सीकर विजेता रहे। वहीं 17 वर्ष छात्रा वर्ग में गंगानगर-चूरू, सीकर-अजमेर, बीकानेर-जयपुर, भरतपुर-बूंदी के बीच मैच हुए। जिसमें चूरू, अजमेर, बीकानेर और बूंदी विजेता रही। 19 वर्ष छात्र वर्ग में गंगानगर-सीकर, बीकानेर-अलवर, अजमेर-जालौर, बूंदी-डूंगरपुर के बीच में मैच आयोजित हुए। जिसमें गंगानगर, अलवर, जालौर और बूंदी विजेता रही।

इसी तरह 19 वर्ष छात्रा वर्ग में राजसमंद-झुंझुनू, बूंदी-बाड़मेर, जालौर-अजमेर, भीलवाडा-गंगानगर के बीच मैच आयोजित हुए। जिसमें झुंझुनू, बूंदी, जालौर, गंगानगर विजेता रहे। प्रतियोगिता में बूंदी का छात्रा 17 वर्ष, छात्रा 19 वर्ष, छात्रा 17 वर्ष में दबदबा रहा।

इसी प्रकार थ्रो बॉल प्रतियोगिता में 19 वर्ष छात्र वर्ग में बूंदी-उदयपुर, चूरू -नागौर, राजसमंद- गंगानगर, बीकानेर-जोधपुर के बीच में आयोजित हुए। जिसमें बूंदी, नागौर, गंगानगर व बीकानेर विजेता रही।

19 वर्ष छात्रा वर्ग में अजमेर-जोधपुर, बीकानेर- बारां, बूंदी-अलवर, बाड़मेर - गंगानगर के बीच में मैच हुए ।जिसमें जोधपुर, गंगानगर, बीकानेर विजेता रहे।

इसी प्रकार 17 वर्ष छात्र वर्ग में जोधपुर-सीकर, नागौर- बूंदी, पाली-जालौर, गंगानगर-बीकानेर के बीच मैच आयोजित हुए। जिसमें जोधपुर, पाली, बीकानेर विजेता रहे तथा 17 वर्ष छात्रा वर्ग में जोधपुर-चूरू, सीकर-बूंदी, अजमेर-बीकानेर, जालौर-नागौर के मैच आयोजित हुए। जिसमें चूरू व बूंदी विजेता रहे तथा आज हुए सभी मैचों में बूंदी जिले का दबदबा रहा।

बूंदी विधायक डोगरा ने लिया प्रतियोगिता का जायजा:- बूंदी विधायक अशोक डोगरा भी खेल मैदान पर पहुंचे। जिन्होंने यहां पर हो रहे तो थ्रो बॉल व टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता के मैच को देखा व बूंदी व भरतपुर के बीच मैच की शुरुआत करवाई। साथ में खिलाडियों की हौसला अफजाई की।

इस दौरान डोगरा ने कहा कि बूंदी जिले में एक साथ दो -दो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होना खुशी की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वह खेल की भावना से खेलें। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओम गोस्वामी सहायक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवराज खींची सहित,गुरूदत शर्मा, संतोष पाटनी सहित कई शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री नि:शुल्क यूनीफॉर्म व मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना का शुभारंभ

**छीपाबड़ौद** (निसं)। छीपाबड़ौद के थाने के सामने वाले विद्यालय मे मंगलवार को मुख्यमंत्री नि:शुल्क यूनीफॉर्म व मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के ब्लॉक एवं पंचायत स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के थाने के सामने के कैम्पस में यह कार्यक्रम किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश कुमार भार्गव , मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी , समग्र शिक्षा द्वारा की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश गोयल , समाजसेवी बाबूलाल टाटू पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मुरारीलाल नागर अध्यक्ष सहकारी समिति ढोलम, भगवत किशोर नामदेव अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, रामकिशन मालव सेवानिवृत्त शिक्षक , नोडल अधिकारी विक्रमसिंह प्रधानाचार्य , सूर्यप्रकाश शर्मा , सन्दर्भ व्यक्ति , रतन सोनी , वरिष्ठ विशेषज्ञ महेन्द्र गुर्जर ब्लॉक पोषाहार प्रभारी, मोहम्मद फैयाज एमआईएस कार्यक्रम में उपस्थित रहे । कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य रतन सोनी द्वारा किया गया । सीबीईओ दिनेश भार्गव ने बताया कि मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार शअशोक गहलोत के द्वारा आरम्भ की गई मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के अन्तर्गत राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत् कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों के लिए 150 मिली, तथा कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 200 मिली दूध प्रत्येक सप्ताह में मंगलवार व शुक्रवार के दिन प्रार्थना सभा के बाद वितरण किया जावेगा।

मुख्यमंत्री नि:शुल्क यूनिफॉर्म के तहत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए दो यूनिफॉर्म का कपड़ा व 200 रूपए प्रति विद्यार्थी दिया जावेगा । इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के 10 छात्र - छात्राओं को नि:शुल्क यूनिफॉर्म का कपडा वितरण एवं विधार्थियों को दूध पिलाकर योजना का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में पहुचे अतिथियों के द्वारा मुख्यमंत्री द्वारा विद्यार्थी हित में चलाई जा रही इन महत्ती योजनाओं का स्वागत किया। विक्रम सिंह प्रधानाचार्य द्वारा कार्यक्रम में अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति के लिए सभी का आभार प्रकट किया।

## राजस्थान सरकार के खिलाफ प्रदेश के शराब ठेकेदार लामबंद हुए

- 'शराब से सरकार चलाना चाहते हैं गांधीवादी मुख्यमंत्री'
- कोरोना काल में शराब कम पिलाने पर किसानी हो रही नीलाम
- दो दिसंबर को सरकार जगाओ पैनल्टी हटाओ यात्रा निकालेंगे प्रदेश के शराब व्यापारी

**बूंदी** (निसं)। शराब का कम उठान को लेकर सरकार द्वारा की जा रही शराब ठेकेदारों की जमीन संपत्ति की नीलामी के विरोध में प्रदेश से शराब ठेकेदार राज्य सरकार के खिलाफ लामबंद हो गए हैं।

इसी को लेकर प्रदेश भर के शराब ठेकेदार 2 दिसंबर को राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा से 2 किलोमीटर आगे एकत्रित होकर ढोल नगाड़ों के साथ विशाल प्रदर्शन कर सरकार जगाओ पेनल्टी हटाओ यात्रा निकालेंगे। लिकर कान्ट्रेक्टर यूनियन,राजस्थान के प्रदेशाधक्ष पंकज धनखड़ नैनवा में आयोजित प्रेस वार्ता में सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पूरा देश जब कोरोना महामारी से जूझ रहा था लोग अपनी जानमाल को बचाने में लगे थे। शादी, मेलें,सार्वजनिक कार्यक्रम व काम धंधे सब बंद हो गए थे लोगों की जेबें खाली हो गई थी।

रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया था। ऊपर से सरकार ने बार-बार कोरोना गाइडलाइन का पालन करने के नाम से शराब की दुकानें बंद रखी बार बार दुकानें खोलने का समय बदला गया,सभी शराब व्यापारियों की धरोहर राशियां जब्त कर ली गई। जिस कारण शराब व्यापारियों को भारी-भरकम नुकसान के कारण सभी शराब व्यापारी बर्बाद हो गये।

उस नुकसान की भरपाई के लिए राज्य सरकार को प्रत्येक शराब व्यापारी को धरोहर राशि के अलावा कम से कम बीस बीस लाख रुपए तक का आर्थिक सहयोग करना चाहिए था। इसके उलटा सरकार द्वारा कोरोना काल में शराब कम क्यों पिलाई इस बात पर पूरे प्रदेश में शराब व्यापारियों की चल अचल संपत्तियों को निलाम करने के आदेश दिए गए हैं,बैंक खाते सीज किये जा रहें हैं, गाडीयों को ब्लैक लिस्ट किया जा रहा है, परिवारों को प्रताड़ित किया जा रहा है इस कारण अभी तक चार शराब व्यापारी आत्महत्या कर चुके हैं। इसी वसुली के तहत प्रदेश की पहली नीलामी बूंदी जिले के नैनवा तहसील से की जा रही है। जिसके तहत तीन किसानों की 2, 8 व 13 दिसंबर को जमीन नीलाम करने के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

इसका मतलब गांधीवादी मुख्यमंत्री के दो चेहरे जनता में नशा छोड़ो की अपील,कागजों में शराब कम क्यों पिलाई इस बात पर सम्पतियां निलाम करने के आदेश। इसका मतलब साफ है कि शराब से सरकार चलाने प्रयास कर रहे हैं। इस निलामी के विरोध में पूरे राजस्थान भर के शराब व्यापारी दो दिसंबर को नैनवा तहसील मुख्यालय के सामने जहां नीलामी होगी वहीं पर विरोध प्रदर्शन कर सभा करेंगे तथा जहां से राहुल गांधी की यात्रा राजस्थान में प्रवेश करेगी ठीक उसके दो किलोमीटर आगे आगे पूरे राजस्थान में जहां-जहां राहुल गांधी की यात्रा जाएगी वहां वहां से शराब व्यापारीयों द्वारा ढोल बजाओ, सरकार जगाओ, पेनल्टी हटाओ इस मुद्दे को लेकर यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में प्रदेश भर के सभी शराब व्यापारी भाग लेंगे।

## फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु बैठक

**छीपाबड़ौद** (निसं)। छीपाबड़ौद के आर्य वाटिका बस स्टैंड पर जय हिंद क्लब की बैठक का आयोजन क्लब के मुख्य संरक्षक महाराज सिंह सिंघवी की अध्यक्षता में आयोजित कि गई। जय हिंद क्लब के अध्यक्ष ओम प्रकाश बाठला ने बताया की स्वर्गीय प्रेम सिंह सिंघवी की पुण्यस्मृति में गत वर्षों की भांति अखिल भारतीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 10 जनवरी 2023 से 15 जनवरी 2023 तक कराने व राष्ट्रीय स्तर के क्लब की टीमों को बुलाने का निर्णय लिया गया। क्लब के संरक्षक गजेंद्र जैन पूर्व सरपंच ने बताया खेल मैदान में बाउंड्री वाल को ऊंचा कराने व आकर्षक बनाने व स्टेडियम के पास ही बैडमिंटन हाल बनाने का कार्य प्रगति पर है जो कि होने जा रहे ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट से पूर्व निर्माण कार्य पुर्ण हो जाएगा, साथ ही रंगमंच व दर्शक दीर्घा बनाने का भी मैदान में आश्वासन दिया गया। क्लब के सभी सदस्यों ने खेल मैदान में चल रहे निर्माण कार्यों का मौके पर जाकर जायजा लिया व निर्माण कार्यों की क्लब के सदस्यों ने सराहना की। बैठक में उपस्थित सचिव पुष्कर राज सालवी, कोषाध्यक्ष ललित राठौर, अनवर अहमद, शिवनारायण नामदेव, सिराज खान, गोकुल राठौर, ललित सालवी, नंदलाल सालवी,शाकिर खान, बाबू खां पीईटी, सुरेंद्र सालवी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### शक्ति दिवस मनाया

**बून्दी** (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की और से हर मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया जा रहा है। इसी के चलते मंगलवार को जिले में हर्षोल्लास के साथ शक्ति दिवस मनाया गया। इस मौके पर बच्चों, किशोरियों व महिलाओं को जागरूक करते हुए साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाई गई। स्क्रीनिंग व जांच के साथ ही बेहतर पोषण की जानकारी दी गई। सीएमएचओ डॉ. ओपी सामर ने बताया कि एनीमिया की दर को कम करने के लिए बच्चों, किशोर-किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के लिए विशेष गतिविधियां विभाग की ओर से प्रारंभ की गई हैं। जिसमें स्क्रीनिंग, हिमोग्लोबिन की जांच, उपचार तथा अनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। माह के हर मंगलवार को जिले के सभी आंगनबाडी केंद्रों, राजकीय स्कूलों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी, पीएचसी व राजकीय चिकित्सा संस्थानों पर शक्ति दिवस आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को आयोजित शक्ति दिवस के दौरान आशाओं की ओर से छह माह से 59 माह तक के बच्चों को, पांच से नौ वर्ष तक के स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों को, 10 से 19 वर्ष की स्कूल नहीं जाने वाली समस्त किशोरी बालिकाओं को, 20 से 24 वर्ष की विवाहित महिलाओं को एवं गर्भवती महिलाओं को एवं धात्री माताओं को आंगनबाडी केंद्र पर मोबिलाइज किया गया। एनीमिया चिन्हित करने के लिए स्क्रीनिंग शारीरिक लक्षणों के आधार पर की जा रही है। आशा की ओर से छह माह से 59 माह तक के बच्चों को एक एमएल आईएफए सिरप पिलाई गई और पांच से नौ वर्ष के स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों का आईएफए की गुलाबी गोली खिलाई गई। वहीं 10 से 19 वर्ष तक की स्कूल नहीं जाने वाली समस्त किशोरी बालिकाओं को आंगनबाडी कार्यकर्ता की ओर से आईएफए की नीली गोली खिलाई गई।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग

**बूंदी** (निसं)। हिन्दू टाईगर फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्याम गौशाला, श्री बालाजी धाम आश्रम के संस्थापक लाखन सिंह रघुवंशी, ब्राह्मण नेता संजय शर्मा समाजसेवी कमलेश शर्मा,टोनी वर्मा कुलदीप वधवा ,अर्जुन गुर्जर, अभिषेक हाड़ा भाजपा एस सी मोर्चा नगर अध्यक्ष कुलवंत सिंह ने केंद्र सरकार से जल्द से जल्द धर्मांतरण कानून व जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की है।लाखन सिंह रघुवंशी ने कहा कि जब देश का विभाजन पूर्व में धर्म के आधार पर हो चुका है तो भारत को तुरन्त हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाए व जनसंख्या नियंत्रण कानून पारित किया जाए वही धर्मांतरण पर भी कठोर कानून बनाया जाए ,आज हिन्दू समाज के लिए ये दुर्भाग्य की बात है कि विश्व मे हिन्दुओ के लिए एक ही देश है भारत उसमे भी लगातार जेहादी ताकतों के द्वारा हिन्दुओ को दलित वैश्य सवर्ण व क्षित्रयो के नाम पर बांट कर हिन्दुओ का धर्म परिवर्तित कराया जा रहा है जिसे हिन्दू समाज व हिन्दू टाईगर फोर्स किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही करेगी ,जिहादी व राष्ट्र विरोधी ताकतों को अगर जरूरत पड़ी तो मुह तोड़ जवाब दिया जाएगा।भले ही इसके लिए इट से ईंट बजानी पड़ जाए, मगर हिन्दू धर्म और राष्ट्र पर कोई हानि नही होने दी जाएगी।

### नि:शुल्क यूनिफार्म वितरित की

**भवानीमंडी** (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान सरकार द्वारा मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना एवं मुख्यमंत्री नि:शुल्क यूनिफार्म वितरण योजना का शुभारंभ किया गया है । राज्य सरकार का उदेश है कि प्रदेश के हर विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले । इसके लिए राज्य के सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री नि:शुल्क यूनिफॉर्म वितरण एवं मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना का शुभारम्भ किया। इन योजनाओं से विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र - छात्राओं के नामांकन व उपस्थिति में वृद्धि , ड्रॉप आउट को रोकने एवं पोषण स्तर में वृद्धि व आवश्यक मैक्रो व माइक्रो न्यूट्रिएन्ट्स उपलब्ध करवाने में मदद मिलेगी। इस दौरान एक सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में एसडीएम कमलकुमार मीणा, कैलाश बोहरा चैयरमेन , राजेश गुप्ता , जनअभाव अभियोग प्रकोष्ठ निराकरण समिति सदस्य , जोरावर सिंह चौहान , सत्यनारायण तहसीलदार, प्रभुलाल वर्मा विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### व्यवस्था सुधारने की मांग की

**बूंदी** (निसं)। व्यापार महासंघ बूंदी के अध्यक्ष निरंजन जिंदल एवं पुरानी धान मंडी संघ अध्यक्ष माधव प्रसाद विजयवर्गीय ने व्यापार महासंघ द्वारा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को पत्र सौंप सात दिन में अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की मांग की गई। जिनमें अस्पताल के उपकरणों को सुचारु किया जाए। इस पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि यह गंभीर विषय है हमने जयपुर की रजिस्टर्ड संस्था का इन मशीनों को दुरुस्त करने एवं नए पुर्जे डालने का टेंडर 2023 तक का हो रहा है।संस्था से बात कराने पर पता चला कि संस्था फिलहाल ब्लेक लिस्टेड है ऐसे मे जिला कलेक्टर की अनुशन्सा पर ही नई मशीने खरीदी जा सकती है।अत: आज ही कलेक्टर से मिल कर नई मशीने लेने की अनुशन्सा ली जायेगी। साथ ही सात दिवस के भीतर भीतर सारी व्यवस्थाये चाक चौबन्द कर दी जायेगी। यह जान्कारी प्रवक्ता सुमित आनंद द्वारा दी गई।

### लापता युवक का शव मिला

**भवानीमंडी** (निसं)। घर से लापता युवक का पचपहाड़ बाय पास मार्ग के पास एक खेत के कुए में शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई जिसकी सूचना मिलने के बाद भवानीमंडी पुलिस मौके पर पहुंची जहां कुए के पानी में तैरते हुए शव को बाहर निकलवाया गया। पुलिस के अनुसार पचपहाड बायपास के पास स्थित एक खेत कुए में पानी में शव तैरता देख खेत मालिक ने इसकी पुलिस को सुचना दी जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और शव को बाहर निकलवाया गया जिसे शिनाख्त के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया जहां मृतक की फूलचंद निवासी मालीपुरा थाना भानपुरा मध्यप्रदेश के रूप में हुई जिसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। मृतक के पुत्र अशोक ने बताया कि उसके पिता गत चार दिन से घर से लापता थे।जिसकी गुमशुदगी की सुचना रिपोर्ट एमपी पुलिस को दे रखी थी। पुलिस ने मामले की जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

### इन्टक की बैठक आयोजित

**झालावाड़** (निसं)। मजदूर कांग्रेस इंटक की बैठक भारत जोडो यात्रा की तैयारी को लेकर जिला अध्यक्ष मोहम्मद शफीक खान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में खान ने कहा कि यात्रा में उमडी भीड इस बात का प्रमाण है कि व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। इससे भाजपा में बैचेनी बढ़ गई है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा में अधिक से अधिक मजदूरों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। इन्टक के बैनर तले राहुल गांधी की अगवानी की जाएगी बैठक में यात्रा प्रभारी बजरंगलाल मीण एवं आलोक दुबे ने कहा कि विभिन्न विभागों से इन्टक के श्रमिक 6 दिसम्बर को यात्रा में अपनी उपस्थित दर्ज कराएगें। इंटक कोटा के अध्यक्ष हेमन्त दाधीच, बूंदी के अध्यक्ष कुमार आशुतोष, बारां के अध्यक्ष जाहिद खान, इंटक के कई श्रमिक मौजूद थे।

### जन आक्रोश यात्रा को लेकर बैठक हुई

**छीपाबडौद** (निसं)। छीपाबडौद के ग्रामीण ईलाको मे जन आक्रोश यात्रा को लेकर आवश्यक बेठक विधायक अनुज महाराजसिह सिंघवी के नेत्रित्व मे मंगलवार को आयोजित की गई। टांचा, टांची, भगवानपुरा, अजनावर, फलिया, चारपुरा, गुन्दलाई, अमलावदा आली, सांरगखेडा, मोखमपुरा, राई ओर ढोलम मे बेठक ली। ईस दौरान प्रधान नरेश मीणा, सरपंच रामगोपाल नागर, मुरारीलाल यादव, पूर्व सरपंच भगवानसिंह,पूर्व चेयरमैन रामकल्याण खींची, सरपंच दिलीप कुमार,धारासिंह, भरतराज राई,पूर्व सरपंच मुरलीधर, पंस सदस्य रामकल्याण समेत ग्रामवासी मोजूद रहे

### वार्ड वासियों की समस्याएं सुनी

**बूंदी** (निसं)। नैनवा रोड वार्ड 50 में वार्ड पार्षद हेमंत वर्मा ने वार्ड के गांधीग्राम रोड क्षेत्र में जो रोड अभी तक नही बने उनका निरीक्षण किया और वार्ड वासियों की समस्याएं सुनी एवं उन समस्याओं का समाधान करने के लिए आश्वासन दिया। इस मौके पर वार्ड वासियों को मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना में रोजगार दिलाने हेतु फॉर्म भरने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर कुछ वार्ड वासियों ने वार्ड मेंहो रहे अतिक्रमण हटाने के लिए ज्ञापन दिया।

### सीएलजी बैठक हुई

**छीपाबडौद** (निसं)। थाना परिसर मे नवनियुक्त सीआई पुष्पेंद्र बंसीवाल की अध्यक्षता मे सीएलजी की बेठक संपन्न हुई।बेठक में पूर्व सरपंच गजेन्द्र जैन ,प्रदीप मीणा, युसुफ भाई,इकराम अली,सिद्दीक भाई, बलराम मीणा, महेन्द्र नागर, घनश्याम यादव,रामचन्द्र समेत आसूचना कंवरपाल मोजूद रहे।